समाचार

# कोविड–19, मलेरिया, डेगू, पीलिया के प्रति निगम ने आज भी चलाया जागरूकता अभियान

## (बीमारियों से बचने सावधानी जरूरी, लोगों को दी गई समझाईश)



कोरबा 11 जुलाई 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज भी नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव तथा कीट व जलजनित बीमारियों मलेरिया, डेगू, पीलिया से बचने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया, निगम अमले ने बाजारों, शापिंग काम्पलेक्सों, आवासीय क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को इनके प्रति जागरूक किया तथा जागरूकता पम्पलेट बांटे। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमनागरिकों से अपील की है कि वे कोरोना से बचाव हेतु मास्क अनिवार्य रूप से पहने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा मलेरिया, डेगू, पीलिया आदि बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां बरतें।

निगम के सभी जोन में नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व उसके नियंत्रण तथा डेगू, मलेरिया, पीलिया जैसी कीट व जलजनित बीमारियों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कोरबा, टी.पी. नगर, कोसाबाड़ी, रविशंकर शुक्ल, बालको, दर्री, बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन के विभिन्न बाजारों, शापिंग काम्पलेक्सों, ज्यादा आवागमन वाले क्षेत्रों, आवासीय क्षेत्रों व सार्वजनिक स्थानों पर यह अभियान चलाते हुए विभिन्न टीमों ने लोगों को कोविड–19 के खतरे के प्रति आगाह किया, उन्हें घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनने, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रूप से पालन करने की कड़ी समझाईश देने के साथ–साथ मास्क न पहनने वाले व सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया, टीम द्वारा इस मौके पर लोगों को निःशुल्क मास्क भी वितरित किए गए।

**कीट व जलजनित बीमारियों से बचे**–बरसात के मौसम में मलेरिया, डेगू, पीलिया जैसी कीट व जलजनित बीमारियों की संभावनाएं बढ़ जाती है, अभियान के दौरान निगम के अमले द्वारा लोगों को समझाईश देते हुए इन बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक उपायों को अपनाने का सुझाव दिया गया, साथ ही इन बीमारियों से बचने के उपायों की जानकारी देते पम्पलेटों का वितरण भी नागरिकों को किया गया एवं उनसे अपील की गई

कि वे अपने घर में रखें कूलरों का पानी प्रतिदिन बदले, नारियल के खोल, टूटे हुए बर्तन, टायर आदि में पानी का जमाव न होने दें, घरों के आसपास स्वच्छता रखें, मच्छरदानी का उपयोग करें तथा अन्य स्वच्छता संबंधी सावधानियां अपनाएं।

लगाया गया 4450 रूपये का जुर्माना– अभियान के दौरान लोगों द्वारा मास्क न पहनने व फिजिकल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करते पाए जाने पर 4450 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा जोन में 1000 रूपये, कोसाबाड़ी व रविशंकर शुक्ल जोन में 1300 रूपये, टी.पी.नगर जोन में 1000 रूपये, सर्वमंगला जोन में 650 रूपये, कोरबा जोन में 500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। इसी प्रकार टी.पी.नगर जोनांतर्गत दुकानों से निकले हुए कचरे को सड़क, नाली में फेंकने पर 05 दुकानदारों पर अर्थदण्ड भी लगाया गया एवं उन्हें कड़ी समझाईश दी गई कि वे दुकानों से निकले कचरे को सड़क, नाली पर न फेंके।

वार्डो में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव– कीट व जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु नगर निगम कोरबा द्वारा एक ओर जहां विशेष साफ–सफाई के कार्य कराए जा रहे हैं, वहीं वार्डो व बस्तियों में क्रमबद्ध रूप से प्रतिदिन कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, फागिंग मशीन का संचालन भी कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज वार्ड क्र. 03, 05, 20 एवं 24 में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया, लोगों के घर पहुंचकर उनसे कूलरों के पानी प्रतिदिन बदलने का आग्रह किया गया, साथ ही फागिंग मशीन भी चलाई गई।